PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 | अंक 8 | जयपुर : 23 नवम्बर 20223 से 7 दिसम्बर 2023 | RNI No : RJHIN/2002/9810 | वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

**जरूरी सूचना**
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें
9314407796

## स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकाली

# मतदात जागरूकता का दिया संदेश

**परिष्कार पत्रिका।** रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मणगढ़ राजेश मीणा के निर्देशन में मतदान जागरुकता अभियान स्वीप के अंतर्गत मनाए जा रहे सतरंगी सप्ताह के पंचम दिवस पर हम भी मताधिकार का प्रयोग करेंगे, वोट करेंगे, वोट करेंगे, स्लोगन के साथ विधानसभा के विभिन्न विद्यालयों में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों में निकाल कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वीप कॉर्डिनेटर सुरेश कुमार भास्कर ने बताया कि चौधरी घड़सीराम पब्लिक स्कूल में रैली को विकास अधिकारी रामधन डूडी व भवानी शंकर शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वीप नोडल अधिकारी रामधन डूडी ने छात्रों को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए मतदान दिवस पर मतदान करने का आव्हान किया। नायब तहस. ीलदार भवानी शंकर शर्मा ने भारत सरकार के निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत करवाते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया। राजकीय मो. हनलाल जोधराज बजाज उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन शहरी क्लस्टर प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी शिवभगवान गौरा के निर्देशन में शहरी क्षेत्रों के विद्यालय में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिवभगवान गौरा ने अपने उधबोधन में मतदान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए निर्भिक होकर स्वविवेक से मतदान करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम का संचालन ईएलसी प्रभारी मुस्तफा कुरैशी ने करते हुए मतदान करने का संदेश दिया। इसी प्रकार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खुडी छोटी में प्रधानाचार्य सुमित्रा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोटासरा में मतदाता साक्षरता क्लब प्रभारी छोटेलाल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नरसास में राकेश कुमार भास्कर,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नरोदडा में राज. ेश शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तुनवाँ में प्रधनाचार्य मोहनलाल रेवाड़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेवली में शरीरिक शिक्षक राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों का आयोजन ब्लॉक के स्कूल में किया गया।

## मतदान उपरांत सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा डिजिटल सर्टिफिकेट

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान विधानसभा आम चुनाव– 2023 में मतदाताओं को शतकृप्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी करने की पहल की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदान दिवस पर सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर मतदान के उपरांत सेल्फी अपलोड करने वाले मतदाता को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में 25 नवम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2023के दृष्टिगत मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए मतदान केन्द्रों पर सेल्फी पॉइंट बनाये गये है। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर स्थापित सेल्फी पॉइंट से मतदाताओं द्वारा सेल्फी लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर प्रदर्शित लिंक पर क्लिक कर पोर्टल पर अपलोड करने पर डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जायेगा। गुप्ता ने बताया कि सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर अन्य लिंक प्रदर्शित कर दिया गया है जिस पर क्लिक करने पर राज्य के समस्त जिलों के जिलेवार लिंक प्रदर्शित किये गये है। संबंधित जिले के नाम पर क्लिक करने पर उस जिले के पोर्टल से ई–प्लेज सर्टिफिकेट डाउनलोड किया जा सकता है।

विधानसभा आम चुनाव-2023

# होम वोटिंग का प्रथम चरण पूरा

# 60,424 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने अब तक की होम वोटिंग

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** विधानसभा आम चुनाव–2023 में भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग की पहल के प्रति बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का अभूतपूर्व रुझान देखने को मिल रहा है। होम वोटिंग के प्रथम चरण में प्रदेश भर में इन श्रेणियों के 60,424 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। होम वोटिंग के दौरान अब तक कुल 1220 मतदाता ऐसे रहे, जो विशेष मतदान दलों की विजिट के दौरान घर पर अनुपस्थित रहे। 884 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। प्रथम चरण में 96.64 प्रतिशत बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की है। इनमें 96.49 प्रतिशत बुजुर्ग एवं 97.56 प्रतिशत दिव्यांगजनों ने वोटिंग की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव के अंतर्गत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। प्रदेश में होम वोटिंग के पहले 5 दिन में 48913 बुजुर्ग तथा 11,511 दिव्यांग एवं रविवार को 1465 बुजुर्ग एवं 286 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया।



उन्होंने बताया कि पात्र 62,528 मतदाताओं ने विकल्प के तौर पर होम वोटिंग सुविधा के लिए आवेदन किया है। विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोप. नीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं। पोस्टल बैलेट के माध्यम से पहले चरण में 19 नवम्बर तक घर पर ही मतदान करवाया गया। ऐसे मतदाता जो होम वोटिंग के पहले चरण के दौरान घर पर अनुपस्थित थे, उनके लिए 20 और 21 नवम्बर को विशेष मतदान दल दूसरी बार विजिट करेंगे। अनिवार्य सेवाओं से जुड़े मतदाताओं के लिए मतदान की तारीखें 19 नवम्बर से 21 नवम्बर तक हैं।

## रिटर्निंग अधिकारी मतदाताओं को कर रहे मतदान के लिए प्रेरित

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मुस्तैद एवं सक्रिय हैं। बगरू विधानसभा क्षेत्र में रिटर्निंग अधिकारी अनुराधा गोगिया ने स्वयं क्षेत्र में मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने घर–घर जाकर वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण करवाया साथ ही नव मतदाताओं को ई–ईपिक का भी वितरण किया गया। उन्होंने मतदाताओं को फर्स्ट टाइम वोटर को मिलने वाले प्रमाण पत्र एवं सेल्फी कॉन्टेस्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

## मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक एवं 3 दिसंबर को रहेगा सूखा दिवस

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान विधानसभा के आम चुनाव 2023 के परिप्रेक्ष्य में घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135–ग के प्रावधानों के तहत जिले में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से अर्थात 23 नवंबर 2023 को सांयकाल से दिनांक 25 नवंबर 2023 को मतदान समाप्ति तक सूखा दिवस घोषित किया है।

आदेशानुसार मतगणना दिवस 3 दिसंबर को 2023 को सम्पूर्ण राज्य में सूखा दिवस रहेगा।

पुनर्मतदान की स्थिति में भी पुनर्मतदान की घोषणा से पुनर्मतदान की तिथि को पुनर्मतदान की समाप्ति तक संबंधित केन्द्र/केन्द्रों के क्षेत्रों में भी सूखा दिवस रहेगा।

## मतदान दिवस 25 नवंबर को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

### निजी एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के श्रमिकों को भी मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर जिले में मतदान दिवस 25 नवंबर, 2023 को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश की अनुपालना में जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

उन्होंने कहा कि जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र स्थित कार्यालयों में पराक्रम्य लिखित अधिनियम, 1881 के तहत अवकाश रहेगा।

वहीं, श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा। साथ ही ऐसे कामगार जो जिले की विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में पंजीकृत है, परन्तु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्यरत है उन्हें अपने मतदान क्षेत्र में मतदान हेतु मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा।

## खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान का नाम रोशन करें

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में एशियन खेल और एशियाई पैरा खेल 2022 में राजस्थान से भाग लेने वाले और विजेता रहे खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने बाद में खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उनकी हौसला अफजाई करते हुए आगामी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। राज्यपाल मिश्र ने एशियाई खेल और पैरा खेल के शीर्ष पदक प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी खेल में देश को पदक मिलता है तो इससे खिलाड़ी का ही नहीं पूरे देश का नाम चमकता है। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी को चाहिए कि वह खेलों में आंगिक अनुशासन रखते हुए, पूर्ण प्रतिबद्ध होकर अपना सर्वोत्कृष्ट देने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि देश और राज्य में खेल प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास के साथ ही खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संविधान की प्रेरणा लेने का किया आह्वान

# कानपुर के 51 विद्यार्थियों ने किया संविधान उद्यान का भ्रमण



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** कानपुर के विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज से आए 51 विद्यार्थियों ने राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण कर राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र ने इस दौरान विद्यार्थी को संविधान की भारतीय संस्कृति में निहित उदात्त मूल्यों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि संविधान देश का सर्वोच्च विधान ही नहीं है बल्कि यह मानवीय अधिकारों के साथ कर्तव्यों की सीख देने वाला पवित्र ग्रंथ है। उन्होंने संविधान की भारतीय संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि संविधान की मूल प्रति पर शांतिनिक. ेतन के कलाकार नंदलाल बोस और उनके साथी कलाकारों ने जो चित्र उकेरे हैं, वह हमारी धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक विरासत केसाथ ही अध्यात्म के भारतीय दर्शन का एक तरह से सार है। उन्होंने विद्यार्थियों से समानता, सर्वधर्म सद्भाव और सहिष्णुता के संवैधानिक गुणो को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति सभी नागरिक प्रतिबद्ध होकर कार्य करेंगे तभी भारत फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो सकेगा। विद्यार्थियों को खूब पढ़ने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कानपुर के विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज के समन्वयक प्रो. राम किशोर त्रिपाठी और डॉ. राणा प्रताप ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं राजस्थानके जयपुर, अजमेर, पुष्कर, मकराना, सांभर और खाटू श्याम की यात्रा पर आए हैं। राजभवन में निर्मित संविधान उद्यान को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि शैक्षणिक दृष्टिसे इसका बहुत अधिक महत्व है।

# महिलाओं ने दिया शत–प्रतिशत मतदान का संदेश

### सतरंगी सप्ताह के तहत महिला रंगोली एवं मार्च का हुआ आयोजन

### मतदाता जागरूकता मार्च के बाद हजारों महिलाओं ने लिया मतदान का संकल्प

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** विधानसभा सभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जयपुर में सतरंगी सप्ताह के छठे दिन महिला रंगोली एवं महिला मार्च का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित हजारों महिलाओं ने आमजन को मतदान का संदेश दिया।

वोट करूंगी, तभी तो बढ़ूंगी थीम पर आयोजित महिला रंगोली एवं महिला मार्च कार्यक्रम में जिला स्वीप आइकॉन वाणीपांडे, तपस्वी शर्मा, अक्षय भटनागर ने भी अपने संबोधन एवं प्रस्तुतियों से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने मौके पर मौजूद हजारों महिलाओं एवं प्रतिभागियों को मतदान की शपथ दिलवाई। आशा सहयोगिनियों एवं आंगनबाड़ियों ने इस मौके पर मतदाता जागरूकता संदेशों पर आधारित रंगोली सजाई एवं इसके बाद हजारों प्रतिभागियों के साथ मतदाता प्रेरक नारे लगाते हुए मार्च निकाला। कार्यक्रम के समापन स्थल पर स्कूली छात्राओं ने मैं भारत हूं सहित अन्य प्रेरक गीतों पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। डॉ. शिल्पा सिंह ने प्रतिभागियों से 25 नवंबर को मतदान करने एवं अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक ले जाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला स्वीप टीम ने केवाईसी, सी–विजिल, वीएचए एवं सक्षम एप की भी जानकारी दी।

## विराटनगर से बसपा प्रत्याशी जयसिंह धानका का जनसम्पर्क



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाजपार्टी के प्रत्याशी जयसिहं धानका पूर्व सैनिक का जनसम्पर्क के दौरान 2024 का कैलेंडर का विमोचन किया गया। जनसम्पर्क के दौरान जगह जगह पूर्व सैनिक को जनता का प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि जनता इस बार एक फौजी के हाथ में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की कमान देना चाहती है।

## भ्रम और झूठ प्रजातंत्रिक व्यवस्था के लिए घातक

# सृजनधर्मी समाज की आवाज और आईना है : अशोक गहलोत

**परिष्कार पत्रिका।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राजस्थान के सृजनधर्मियों, संस्कृति कर्मियों और बुद्धिजीवियों ने सदैव धर्म निरपेक्षता और समतावादी समाज के निर्माण के साथ प्रदेश के विकास में रचनात्मक भूमिका निभाई है। यह समय एक चुनौती लेकर हमारे सामने आया है। ऐसे में हमें धर्म और जाति के नाम पर विद्वेष फैलाने वाली शक्तियों का डटकर मुकाबला करने की आवश्यकता है। गहलोत ने कहा कि वे सदैव इस बात के पक्षधर रहे हैं कि शिक्षाविद्, साहित्यकार, कलाकार और अन्य बौद्धिक वर्ग को अभिव्यक्ति की आजादी मिले। इसके साथ ही विच. ारों और सामाजिक संवेदनाओं का सम्मान करते हुए जनहित की नीतियों और योजनाओं में उनका समावेश हो। गहलोत ने अपनी चिंता दर्शाते हुए कहा कि आज देश में छद्म राष्ट्रवाद की आड़ में निरंकुशता के साथ अभिव्यक्ति और सृजनात्मकता को दबाया और प्रताड़ित किया जा रहा है। ऐतिहासिक और शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। वैचारिक स्वतंत्रता को कुचला जा रहा है। मीडिया को बलपूर्वक प्रभावित कर भ्रम और झूठ फैलाया जा रहा है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक है।

गहलोत ने कहा कि हमने प्रदेश में भाईचारा और सामा. जिक सद्भाव बनाए रखते हुए विश्वास का वातावरण बनाए रखने का सार्थक प्रयास करते हुए आमजन को महंगाई से राहत दी। जनजीवन को आसान बनाने का हर सम्भव प्रयास किया है। प्रदेश में कला, साहित्य एवं संस्कृति और गुणात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित किया है। प्रदेश में रिकार्ड संख्या में विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों की स्थापना के साथ सभी अकादमियों और बोर्डों का गठन कर उन्हें गति प्रदान की है। नवाचारों की दृष्टि से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर जैसी संस्थाओं की स्थापना के साथ सेमिनार, संगोष्ठी स्थलों, प्रदर्शनी कक्ष और प्रेक्षागृहों का निर्माण करवाया है। कला, साहित्य और भाषायी अकादमियों का बजट बढ़ाया। रचनात्मक पुरस्कारों की



राशि में अभिवृद्धि के साथ कलाकार–लोक कलाकारों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी दी है। राजस्थान रत्न सहित अनेक नये सम्मान प्रारम्भ किए। राज्य सरकार ने अभिव्यक्ति की आजादी पर कोई आंच नहीं आने दी।

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि वर्तमान विधानसभा चुनावों में एक तरफ विकास और लोक कल्याणकारी योजनाओं को अनवरत जारी रखने का सवाल है तो दूसरी तरफ वे शक्तियां हैं जो धर्म की राजनीति कर रही हैं और पूंजीपतियों का कवच बनी हुई है जिसका आमजन के हितों से कोई सरोकार नहीं है। गहलोत ने सभी संस्कृति कर्मियों और बुद्धिजीवियों से अपील की है कि वे प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और सामाजिक सद्भाव की ऐतिहासिक विरासत और महान परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपने रचनात्मक प्रभाव का उपयोग करते हुए विकास और सामाजिक समरसता के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने में सहयोग करें ताकि राजस्थान देश में विकास का नया मॉडल और समृद्ध राज्य बनकर उभर सके।

राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त
**प्रकाश विध्या निकेतन सी.सै. स्कूल**
संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक
[हिन्दी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।



सिद्धार्थ सिंह चौहान
194, शांति नगर, एनबीसी रोड़, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश, खबर भेजें या मेल करें**

संपादक,
परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796
9351311820
parishkarpatrika@gmail.com

PRIME TRACK



शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

Trackon
Couriers Pvt. Limited

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

## सम्पादकीय

चुनौतियों से भरा विधानसभा चुनाव, गुटबाजी से जूझ रही हैं पार्टियां – राजस्थान में चुनाव प्रचार अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है और दोनों ही प्रमुख दल कांग्रेस और भाजपा एड़ी से चोटी का जोर लगा रहे है। कांग्रेस की कोशिश है कि राजस्थान में उस रिवाज को बदला जाए जो प्रत्येक पांच साल में सरकार बदलने का है। भाजपा इसी रिवाज के भरोसे सत्ता में वापसी को आतुर है। कांग्रेस जहां अपनी सात गारंटियों और पांच साल के शासन को लेकर जनता के बीच है वहीं भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, हिन्दुत्व और अपनी केन्द्र सरकार की योजनाओं पर भरोसा है, लेकिन दोनों ही पार्टियों में नेताओ की एकता एक बड़ी समस्या बनी हुई है। कांग्रेस का खेमा एक नहीं है और भाजपा में मुख्यमंत्री पद के ढ़ेरो उम्मीदवार है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने काम और अपनी ओपीए, चिरंजीवी योजना, 500 रूपए में गैस सिलेंडर, अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा जैसी गारंटियों को आगे दिखाकर जनता से पुनः सत्ता में वापसी की आस लगाए हुए है। उन्होंने बिजली बिलों में छूट, महिलाओं को मुफ्त मोबाइल, पेंशन में बढ़ोतरी समेत कई लोकलुभावन योजनाएं भी चुनाव से पहले लागू की है। कांग्रेस की सात गारंटियों और योजनाओं की काट में भारतीय जनता पार्टी केन्द्र सरकार की योजनाओं को सामने रख रही है। भाजपा ने पेपर लीक, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और तुष्टीकरण को बड़ा मुद्दा बनाया हुआ है। फिलहाल राजस्थान में किसी की स्पष्ट लहर नजर नहीं आ रही।

## डॉ. मधुकर गुप्ता 19वें अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस और चुनावी पुरस्कार समारोह में चुनाव आयुक्त ऑफ द ईयर से सम्मानित

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्य चुनाव आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता को पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित 19वें अंतरराष्ट्रीय चुनावी मामलों के कॉन्फ्रेंस और पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार चुनाव आयुक्त ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। पुर्तगाल की संसद के अध्यक्ष ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में डॉ. गुप्ता को यह सम्मान विश्वस्तर पर चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और प्रथाओं को आगे बढ़ाने में किये गए उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित 19वें अंतरराष्ट्रीय चुनावी मामलों की कॉन्फ्रेंस और पुरस्कार समारोह ने वैश्विक नेताओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य किया है।

## न्यायालय मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन नई दिल्ली द्वारा रेल बोर्ड नोटिस देकर किया तलब

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** भारतीय दिव्यांग संघ की राष्ट्रीय सलाहकार समिति को लिकिखत एवं मौखिक शिकायत प्राप्त हुई थी कि भारतीय रेल, प्रशासन ने उदयपुर से खुजरोहो तक चलने वाली ट्रेन संख्या 19666 में दिव्यांगजन एवं महिला डिब्बा को हटा दिया गया, इससे प्रतिदिन यात्रा करने वाले दिव्यांगजनों एवं महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त शिकायत पर भारतीय दिव्यांग संघ की राष्ट्रीय सलाहकार समिति के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार डॉ देवेन्द्र कुमार शर्मा ने न्यायालय आयुक्त दिव्यांगजन भारत सरकार नई दिल्ली को पत्र लिखा। न्यायालय आयुक्त दिव्यांगजन भारत सरकार नई दिल्ली ने शिकायत पत्र पर केस दर्ज कर सचिव रेलवे बोर्ड से जवाब–तलब किया।

विश्व शौचालय दिवस

## एनजीओ ने किया कार्यक्रम





### सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था ने समुदाय,गैर सरकारी संगठन मौसम विभाग नगर निगम हेरिटेज एवं ग्रेटर के सहयोग से मनाया

**परिष्कार पत्रिका।** जयपर। सेन्टर फार एडवोकेसी रिसर्च नगर निगम जयपर हैरिटेज, ग्रेटर, समुदाय व एनजीओ ने विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष्य में समुदाय प्रबधंन व सहाय एकल फोरम के सहयोग से आमूखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के स्टेट प्रोग्राम लीड रवि किरण बोकम (सीएफएआर) ने कहा कि शौचालय प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है क्योंकि हमारा दिन शौचालय तक पहुंच के साथ शुरू होता है और शौचालय तक पहुंच के साथ समाप्त होता है। हमारी भूमिका सिर्फ इस तक पहुंच बनाना नहीं है, बल्कि इसे स्वच्छ रखना, स्वच्छता मूल्य श्रृंखला का पालन करना और अपने समाज को स्वच्छ रखना है। सरकार के सहयोग से सभी के लिए अच्छी स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। हमें शौचालयों तक पहुंच पर गर्व महसूस करने की जरूरत है क्योंकि दुनिया में 3.5 अरब लोगों के पास सुरक्षित शौचालयों तक पहुंच नहीं है।"

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए नगर निगम हेरिटेज कमिश्नर राजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि धरातल पर काम करने के लिए समुदाय के सहयोग की बहुत आवश्यकता रहती हैं। अगर आज हम सब स्वछता की बात करते हैं तो बिना समुदाय के वो संभव नहीं इसी के साथ हमें समुदाय में जागरूकता के लिए एक बहुत बड़ी सहायक सामग्री हैं जो की हमें ऐसे है गैर सरकारी सगठनो स्टेकहोल्डर के सहयोग की आवश्कता की जरुरत हैं साथ ही जब तक हम इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत नहीं करेंगे तब तक हम स्वच्छ जयपुर और शौच मुक्त भारत को आगे नहीं लें जा पाएंगे। शेखावत ने समुदाय को उनके वोट की महत्ता बताते हुऐ बिना लोभ बिना भटके और बिना किसी प्रलोभन में आये अपना वोट करने की बात कही और साथ ही इसके लिए प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में दक्ष समूह, सहाय एकल फोरम, समुदाय प्रबंधन समिति, मेल फोरम आदि संगठनों ने अपने अनुभव को साँझा किया।

## यह साधारण चुनाव नहीं सनातन को गाली देने वालों के खिलाफ धर्म युद्ध है : सीपी जोशी

## भाजपा की डबल इंजन की सरकार में राजस्थान होगा विकसित, सुरक्षित और खुशहाल

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज महुवा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र मीणा और डीडवाना विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह जोधा के समर्थन में रोड शो कर विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उपस्थित समूह ने सीपी जोशी का गर्मजोशी से स्वागत किया और भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद, नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पांच साल जमकर भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण किया। जनता देख रही है कि यहां पर जब कोई दलित का बेटा मरता है तो उसे सरकार दो लाख और जब समुदाय विशेष का बेटा मरता है तो उसे पचास लाख रूपये देती है। गहला. त सरकार तुष्टिकरण में अंधी हो चुकी है। कांग्रेस ने प्रदेश में हिंदू त्योहारों को सार्वजनिक मनाने और भगवा झंडों पर रोक लगाने का काम किया है। वहीं पीएफआई जैसे प्रति. बंधित संगठन को कोटा में रैली करने की इजाजत देते हैं। राजस्थान की जनता इस अंतर को समझ चुकी है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा यह सामान्य चुनाव नहीं बल्कि सनातन को गाली देने और समाप्त करने वालों के खिलाफ एक धर्म युद्ध है। उन्होंने कहा इतिहास गवाह है कि यहां अकबर, औरंगजेब, खिलजी, गौरी और गजनवी भी आया लेकिन सनातन को खत्म नहीं कर पाया तो यह कांग्रेस किस खेत की मूली है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन में आज राजस्थान महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराध की आग में जल रहा है। महिला दुष्कर्म की घटनाओं से प्रतिदिन प्रदेश को कलंकित होना पड़ता है। यह सरकार अपराधियों से सांठ गांठ रखती है। इसलिए अपराध समाप्त करने की हिम्मत नहीं कर पाती। आज देश की सबसे अधिक महंगाई राजस्थान में है और इनके नेता इस पर बड़ी बड़ी बातें करते हैं, लेकिन यहां आकर अपने मुख्यमंत्री को महंगाई कम करने की सलाह नहीं देते। आज राजस्थान में महंगा पेट्रोल डीजल मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया है भाजपा सरकार आते ही पेट्रोल डीजल की महंगी कीमत पर समीक्षा कर सस्ता करेंगे और परदेश महंगाई से मुक्ति दिलाएंगे। अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को जेल में डाला जायेगा। पेपर लीक के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मोदी ने जो कहा है वो राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन की सरकार करेगी। हम सब मिलकर एक ऐसा विकसित राजस्थान बनाऐंगे जहां नारी की सुरक्षा, किसान के चहरे पर खुशहाली, युवाओं में सपनों की उडान और किसी आंख में आंसू ना हो।





स्वीप-लोकतंत्र का त्यौहार-सतरंगी सप्ताह

## मायड़ भाषा की स्वर लहरियों एवं बैंड की धुनों ने दिया मतदान का संदेश अंगुली पर निशान राष्ट्र के नाम

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयपुर के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 में मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जिले में मतदान से पूर्व सतरंगी सप्ताह के दूसरे दिन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के तत्वाधान में इंडिगो रंग' एवं 'अंगूली पर निशान राष्ट्र के नाम' थीम पर कामगार, श्रमिक एवं दैनिक वेतनभोगी वर्ग को लक्षित करते हुए डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) रमेश मौर्य और विशिष्ट अतिथि कमांडेंट (राजस्थान सशस्त्र बल) नारायण सिंह राजपुरोहित द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही आकर्षण का केंद्र :**

सुमेरसिंह एवं साथी राजस्थान सशस्त्र बल बैंड द्वारा 'हर कर्म अपना करेंगे' की धुन पर और कालूराम डांगी एवं पार्टी राजस्थान पुलिस बैंड ने 'मेरे देश की धरती' की धुन पर प्रस्तुति दी। राजकीय कन्या महाविद्यालय मगरा पूंजला के स्काउट दल ने नृत्य एवं शैलजा व्यास ने 'चालो जी चालो करनो है मतदान' गीत की प्रस्तुति दी। बीएल सारस्वत ने 'हो जाओ तैयार साथियों' एवं चुनाव आयो प्रदेश में वोटदेवण जानोहै' की सुरीली धुनों पर खातू कालबेलिया एवं पार्टी ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। जसराज शर्मा ने मायड़ भाषा में 'चालो साथीड़ा आपा वोट देवण ने चाला' गीतके माध्यम से मतदान का संदेश दिया।

**लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान का आह्वान :**

उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक एसएल पालीवाल ने कहा कि सभी मतदाता धर्म, भाषा, जाति से ऊपर उठकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए 25 नवंबर को मतदान करें और अन्य मतदाताओं को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदाता जागरूकता के लिए सतरंगी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हर व्यक्ति को मतदान से जोड़ना है।

**शत प्रतिशत मतदान की ली शपथ :**

राष्ट्रीय स्तर पर हस्तशिल्पी एवं शिल्पगुरु पुरस्कार विजेता जाकिर हुसैन ने उपस्थित मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। मोहनलाल विश्नोई ने भारत निर्वाचन आयोग की सी विजिल, केवाईसी एवं सक्षम ऐप के बारे में जानकारी दी।

**ये रहे उपस्थित :** तहसीलदार भार्गवी सांदू, स्वीप सह प्रभारी भागीरथ विश्नोई एवं तेजसिंह राठौड़, सहायक निदेशक पुनम राठौड़ एवं प्रीति गुर्जर सहित के विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला–2023

## राजस्थान पवैलियन में ग्राहकों को खूब पसंद आ रही हैं जयपुरी रजाईयां

### हल्के वजन की रजाईयां बन रही आकर्षण का केन्द्र

**परिष्कार पत्रिका।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे 42वें अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला के राजस्थान पवैलियन में जयपुरी रजाईयों को ग्राहकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है और उनके हल्के वजन, कोमलता एवं गर्माहट की सराहना की जा रही है। राजस्थान मंडप में जयपुरी रजाईयों के स्टॉल संचालक अब्दुल रहुफ ने बताया कि हल्के वजन से तैयार जयपुरी रजाईयों को आगंतुक काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जयपुरी रजाईयां बनाना बुनकरों का वंशानुगत व्यवसाय है और इसे वे पिछली कई पीढ़ीयों से करते आ रहे हैं। इसे बनाने में घर के बुजुर्गों से लेकर महिलाएं भी अपना पूर्ण योगदान करती हैं। रहुफ ने बताया कि रजाईयों को बनाने के लिए बेहतरीन कच्चा सामग्री का उपयोग किया जाता है, वजन में हल्की होने के बावजूद ये बहुत ही गर्म और आरामदायक होती है। इनको बनाने में उच्च श्रेणी की शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कपास का प्रयोग किया जाता है। साथ ही आधुनिक फैशनेबल एवं राजस्थानी डिजाइनों में इन्हें बनाया जा रहा है जिसे ग्राहकों द्वारा काफी पसंद किया जाता है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों के लिये अलग–अलग आकृति और आकार में रजाईयां उपलब्ध हैं। उन्होंने ने बताया कि राजस्थान की शुद्ध कपास से पारंपरिक सांगानेरी हैंड ब्लॉक प्रिंट में विश्व प्रसिद्ध जयपुरी डबल बेड की रजाईयां भी बेची जा रही हैं जो कि दर्शकों द्वारा काफी पसंद की जाती हैं। जयपुरी रजाई अपने कम वजन, कोमलता और गर्मी के लिये विशेष रूप से जानी जाती हैं।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा फाईवर और बनारसी जरी बॉर्डर पर सुंदर पुष्प डिजाईन और गहरे रंगों की रजाईयां भी बनाई जाती हैं। मंडप में जयपुरी सिल्क के बहुत ही गुणवत्ता के कॅवर भी उपलब्ध है जो कि दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं। जयपुर की तोपखाना हौजरी से आए मोहम्मद नईमुद्दीन ने बताया कि हमारा हमेशा प्रयास रहा है कि ग्राहकों को उत्पादों से अधिकतम संतुष्टि प्राप्त हो। हमें अपने ग्राहकों को अधिकतमक संतुष्टि और उनकी सभी जरूरतों को पूरा करने में बहुत ही खुशी मिलती है। उन्होंने बताया कि जयपुरी रजाईयों के अतिरिक्त स्टॉल पर रूई से बनी जयपुरी जैकैट्स की भी बिक्री की जा रही है, जिनकी किफायती रेंज के कारण ग्राहकों द्वारा खूब पसंद की जा रही है।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की मौसमी बीमारियों की समीक्षा

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** चिकित्साएवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया, स्क्रब टायफस आदि मौसमी बीमारियों के केसों में विगत दिनों में निरंतर गिरावट पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केसों में कमी आने के बावजूद मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु प्रबंधन और सतर्कता में कोई कमी नहीं रहे। सिंह ने मौसमी बीमारियों की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रत्येक जिले में मौसमी बीमारियों यथा मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया एवं स्क्रब टायफस के केसों में कमी आई हैं। इन बीमारियों से अधिक प्रभावित जिले जयपुर, अलवर, कोटा, उदयपुर में भी केसों में कमी आई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि जिन जिलों में पॉजिटिव केस ज्यादा आए थे, उन जिलों में अभी भी सतर्कता अधिक बरती जाए। सभी जिलों में मौसमी बीमारियों के केसों की स्थिति की राज्य स्तर से नियमित प्रभावी मॉनीटरिंग सुनिश्चित हो। अधिक प्रभावित जिलों में संसाधनों में वृद्धि हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने इन जिलों से संबंधित संयुक्त निदेशक, जोन को प्रभावित क्षेत्रों में रहने के निर्देश भी दिये। सिंह ने कहा कि स्क्रब टायफस के नियंत्रण हेतु प्रभावित जिलों में पशुपालन विभाग से सहयोग प्राप्त करते हुये नियमित रूप से स्प्रे करवाया जाए। इसके लिए पशुपालन विभाग के सचिव को आवश्यक सहयोग हेतु पत्र लिखे जाने के निर्देश भी दिये।

विधानसभा आम चुनाव 2023

## अधिग्रहित वाहन शादी समारोह में मिला तो रजिस्ट्रेशन होगा निरस्त

**परिष्कार पत्रिका।** जिला परिवहन अधिकारी सीकर जगदीश अमरावत ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिए अधिग्रहित किए गए वाहनों को बिना टीपी शादी समारोह में संच. ालित करते पाए जाने पर परिवहन विभाग की ओर से कार्यवाही की जाएगी।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जगदीश अमरावत ने बताया कि परिवहन विभाग सीकर ने विधानसभा क्षेत्र के लिए 606 बसें एवं 500 छोटे वाहन अधिग्रहित किये गये है। इनवाहनों के संचालकों को 22 नवम्बर 2023 को सायं 5 बजे तक अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति चुनाव कार्य के लिए देनी है। समस्त वाहनों को तय समय पर निर्धारित स्थान पर लगाना जरूरी है। इस आदेश का वाहन स्वामी उल्लंघन करते पाया गया और मतदान के दिन अधिग्रहण फॉर्म लेने के बावजूद बिना टीपी शादी समारोह में वाहन संचालित करते पाये जाने पर इनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 167 के तहत कार्यवाही की जावेगी। जिसके तहत एक वर्ष का कारावास अथवा जुर्माना या फिर दोनों की कार्यवाही की जायेगी। जिला परिवहन अधिकारी ताराचंद ने बताया कि वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत उनके वाहन का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

## अधिग्रहित वाहनों की रिर्पोटिंग समय पर नहीं करने पर होगी कार्यवाही

**परिष्कार पत्रिका।** अजमेर। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के द्वारा मतदान दलों के लिए 600 वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। इन सभी वाहन स्वामियों एवं चालकों को अपने वाहनों की रिपोर्टिंग 22 नवम्बर को करने के लिए पाबंद किया गया है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सुमन भाटी ने बताया कि वाहन स्वामी चालक एवं अधिग्रहण आदेश का उल्लंघन करने, समय पर वाहन की रिपोर्टिंग नही करने एवं अधिग्रहण आदेश प्राप्त करने के बावजूद वाहन शादी पार्टी में बिना टीपी संचालित वाहन को जब्त किया जाकर उसके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सम्बन्धित वाहन का परमिट एवं वाहन चालक का लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## स्कूल एवं कॉलेज स्टूडेंट्स ने दिया मतदान का संदेश


### सतरंगी सप्ताह के पांचवे दिन वोटर रैली एवं फ्लैश मॉब का हुआ आयोजन

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सतरंगी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सतरंगी सप्ताह के पांचवे दिन सी–स्कीम स्थित सेंट्रल पार्क में वोटर रैली एवं फ्लैश मॉब का आयोजन हुआ। इस दौरान सैकड़ों स्कूल एवं कॉलेज स्टूडेंट्स, एनसीसी कैडेट्स एवं स्कॉउट गाइड ने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, वोट करेंगे, वोट करेंगे जैसे स्लोगन से आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला स्वीप आइकॉन श्री अक्षय भटनागर ने मौजूद प्रतिभागियों एवं आमजन को मतदान का महत्व समझाया एवं सी–विजिल, सक्षम, वीएचए एवं केवाईसी एप की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में मैं भारत हूं गीत पर नृत्य, नुक्कड नाटक, कच्ची घोडी नृत्य का भी आयोजन किया गया वहीं, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी दिलीप कुमार ने नवमतदाताओं को मतदान की शपथ दिलवाई।

गुलाबी नगरी जयपुर का 296वां स्थापना दिवस

## मतदाता एवं स्थास्थ्य जागरूकता के रूप में मनाया



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शनिवार को गुलाबी नगरी जयपुर का 296 वां स्थापना दिवस मतदाता जागरूकता के रूप में मनाया। इस अवसर पर सुबह 7 बजे आयोजित साईकलिस्थान रैली को सफाई कर्मियों ने झण्डी दिखा कर रवाना किया। रैली मे साईकलिस्ट के एसोसिएशन एमटीबी, इलेवन साईकिल, स्मार्ट सिटी लि, ग्रेटर व हैरिटेज निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

रैली मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सिंह शेखावत, ग्रेटर निगम आयुक्त बाबूलाल गोयल, नगर निगम जयपुर हैरिटेज के उप निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा, उपायुक्त कोशल कठूमरा, नूर मोहम्मद आदि शामिल हुए। साईकलिस्थान रैली में शामिल प्रतिभागियों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेखावत द्वारा रचित स्लोगन जागरूक मतदाता जागरूक देश, कर्तव्यों से कोई न रूठे, मतदान कभी किसी का न छूटे, लोकतंत्र हो तभी महान, जहां करें सब मतदान, न लोभ से न नोट से, सरकार बनेगी सही वोट से की तख्तियां व बैनर हाथों में ले रखे थे। प्रतिभागियों ने नारे भी लगाये साथ ही स्वस्थ रहने हेतु साईकिल चलाने का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने आकर्षक टी शर्ट पहन रखी थी। रैली लालकोठी स्थित ग्रेटर निगम मुख्यालय से शुरू होकर छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़, हवामहल, कालका मंदिर होती हुई तालकटोरा झील पहुंची यहां जयपुर स्थापना के उपलक्ष्य में उपायुक्त नूर मोहम्मद, उप निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा, अधिशाषी अभियंता बीडी शर्मा ने केक काटा व प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा विजय संकल्प सभा में किया आह्वान

# सतीश पूनियां को जिताकर विधानसभा भेजिए

## सतीश पुनियां आमेर की जनता जनार्दन को अयोध्या लेकर जरूर पधारे

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमेर विधानसभा के दौलतपुरा में विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के समर्थन में भाजपा विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय, जय श्रीराम, वंदे मातरम के नारों के साथ करते हुये कहा कि, यहां भाजपा की विजय संकल्प सभा में आमेर के उपस्थित भाई–बहनों को राम–राम सा.. राजस्थान की धरती देश में भक्ति और शक्ति के संचार की भूमि रही है, उस राजस्थान के अंदर भक्ति, त्याग और बलिदान की बात करनी हो, देश के प्रति संपूर्ण समर्पण भाव के साथ कार्य करने की बात करनी हो तो पूरा देश राजस्थान की ओर आशा भरी निगाहों से देखता है। यह वही राजस्थान है जहां महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान और महाराजा सूरजमल जैसे महाप्रतापी राजाओं को जन्म देकर के इस धरा को सबके लिये पूज्य बनाया, पद्मिनी के जौहर और मीरां बाई की भक्ति से कौन परिचित नहीं है, राजस्थान की धरा को कोटि–कोटि नमन करते हुये आप सभी को ह्रदय से नमन करता हूं। पूर्व उपराष्ट्रपति और पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय भैरोंसिंह शेखावत ने राजस्थान को हर क्षेत्र में विकसित करने का काम किया था, राजस्थान की पूरे देश में पहचान बनाई थी। राजस्थान को भाजपा के शासन में विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ाने का काम किया था, भाजपा की वसुंधरा राजे सरकार के शासनकाल में गांवों–ढाणियों तक विकास की योजनायें पहुंचाने का काम किया गया। आखिर पांच वर्ष में ऐसा क्या हो गया कि कांग्रेस राज में राजस्थान विकास, पर्यटन, रोजगार देने में, किसानों की खुशहाली में नंबर एक पर नहीं है, अब राजस्थान अपराध में नंबर एक पर होता है, अराजकता, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, गौकशी, महिला संबंधी अपराध और साइबर अपराध में नंबर एक है राजस्थान, इसलिये आपसे



अपील करने आया हूं कि भाजपा को वोट देकर विकसित एवं सुरक्षित राजस्थान बनायें।

एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत बन रहा है, वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है, भारत का सम्मान बढ़ रहा है, मोदी जब किसी देश में जाते हैं तो उन्हें सम्मान दिया जाता है यह सम्मान मोदी के साथ–साथ देश के 142 करोड़ लोगों का सम्मान होता है। कोई दुश्मन आज भारत की सीमाओं में घुसकर निर्दोष नागरिकों पर हमला नहीं कर सकता है, क्योंकि उसे मालूम है कि उसने दुस्साहस किया तो भारत के बहादुर जवान उसकी माद में घुसकर उसका काम तमाम भी कर सकते हैं। मोदी सरकार ने धारा 370 को खत्म करके आतंकवाद का खात्मा कर दिया है, कांग्रेस ने नक्सलवाद और अलगाववाद दिया, लेकिन मोदी के नेतृत्व में हर समस्या का समाधान हो रहा है। मोदी ने देश में हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट, एम्स, आइआइटी, वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की सौगात के साथ हर घर नल योजना से पानी पहुंच रहा है, विकास हर गांव हर गरीब तक पहुंचाने का काम हो रहा है। मोदी सरकार का संकल्प है कि देश के संसाधनों पर पहला हक गांव, गरीब, दलित, वंचित, शोषित, किसान, नौजवान का है, समाज के प्रत्येक वर्ग का है, मोदी ने नारा दिया कि सबका साथ सबका विकास, यही रामराज्य की आधारशिला है। कांग्रेस कहती थी कि राम और कृष्ण हुये ही नहीं, हमने कहा कि रामलला हम आयेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे, लेकिन मंदिर बनाने से पहले ढांचा हटायेंगे, गुलामी का ढांचा हटा, आज भगवान श्रीराम का मंदिर बन रहा है। कांग्रेस देश की समस्या का नाम है और भाजपा समस्या का समाधान है, यह आपको फर्क महसूस हो गया है। राजस्थान देश को विपरीत परिस्थितियों में संबल देने वाली भूमि है, देश की सीमाओं को सुरक्षित करने वाली भूमि, कला और स्थापत्य कला के साथ–साथ अपने शौर्य और पराक्रम के लिये पर्यटन, शौम्यता के लिये, आतिथ्य सत्कार के लिये हमारी राजस्थान की भूमि जानी जाती है। मुझे याद है कि पांच वर्ष पहले भी यहां आमेर की धरा पर सतीश पूनियां के प्रचार के लिये आया था, मैं आपका आभारी हूं कि आपने यहां के सूखेपन को दूर करते हुये कमल खिलाने का काम किया था। आपको यही आह्वान करने के लिये आया हूं कि आप सतीश पूनियां को जिताकर विधानसभा में जयपुर भेजिये, सतीश पूनियां को जिम्मे देता हूं कि आमेर विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन को लेकर करके 22 जनवरी के बाद अयोध्या जरूर पहुंच. ', आप इस काम को करेंगे तो सतीश पूनियां 3 दिसंबर के बाद ट्रेन पहले से बुक करा लेंगे, बाकि अयोध्या में हम लोग देख लेंगे।

महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को खत्म करने की बात कही थी, नेहरू नहीं माने लेकिन अब राहुल गांधी बात को करेंगे पूरा

# कांग्रेस ने किसानों को बाजरे पर नहीं दिया न्यूनतम समर्थन मूल्य, माटी के भाव बिका किसानों का बाजरा : शिवराज सिंह चौहान

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी द्वारा क्रिकेट मैच में भारत की हार का जिम्मेदार पीएम मोदी को बताने वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि सारा देश देशभक्ति के जुनून से भरा हुआ था और यह चाहता था कि क्रिकेट का फाइनल मुकाबला भारत जीते क्योंकि खेल भी देशभक्ति का एक प्रतीक है। यदि प्रधानमंत्री मोदी वहां गए तो हमारे लिए यह गर्व का विषय है, लेकिन कांग्रेस के लोग प्रधानमंत्री मोदी से इतना डरते हैं इतना विद्वेष रखते हैं कि भारत के मैच हारने पर ये लोग खुशी मनाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी पर कांग्रेस के युवराज की टिप्पणी बताती है कि इन लोगों की मति हर ली गई है। देश आजाद होने के बाद महात्मा गांधी ने कहा था कि कांग्रेस को समाप्त करके इसे लोक सेवा दल बना देना चाहिए, लेकिन नेहरू नहीं माने। अब राहुल गांधी महात्मा गांधी की बात को पूरा करने की ओर बढ़ रहे हैं आने वाले समय में राहुल गांधी कांग्रेस को पूरी तरह खत्म कर देंगे।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों का जीवन बदला है आम आदमी के जीवन को काफी हद तक सरल बनाया है। पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन योजना, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि सहित अनेक ऐसे काम हैं जिनसे देश में लाखों करोड़ों लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जन–जन के मन में बसे हुए हैं। मध्यप्रदेश हो या राजस्थान कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा दोनो भाई–बहन झूठ की मशीन हैं। प्रियंका वाड्रा मध्यप्रदेश में कहती है कि राम 13 वर्ष के लिए वनवास गए थे आप खुद देखिए देश का बच्चा–बच्चा जानता है प्रभु श्री राम 14 वर्ष के लिए वनवास गए थे, लेकिन प्रियंका गांधी को नहीं पता। मध्यप्रदेश में कुछ लोग कहते हैं कि केवल कुछ हजार लोगों को ही रोजगार मिले हैं, जबकि 50 हजार को तो नियुक्ति पत्र मैने अपने हाथ से बांटे हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार साढ़े चार साल तो रिसोर्ट में रही और चुनाव में जब 06 माह शेष बचे तो झूठी घोषणाओं का अंबार लगा दिया। राजस्थानकी जनता जानती है, कि अशोक गहलोत सरकार कुशासन का पर्याय बन चुकी है। आज भ्रष्टाचार के मामले में राजस्थान नंबर वन है सरकार के योजना भवन से करोड़ों रुपए नकदी और सोना बरामद होता है। यह पहली घटना है जब किसी सरकारी कार्यालय से सोना और पैसा बरामद हो रहा है। वहीं जल जीवन मिशन का उद्देश्य घर–घर नल से पानी पहुंचाने का था, लेकिन राजस्थान में इस योजना में भी लगभग 20 हजार करोड़ का घोटाला किया गया। प्रदेश में 5 साल के दौरान 11 लाख अपराध के मामले दर्ज होते हैं। सायबर क्राइम में राजस्थान नंबर वन सांप्रदायिक दंगों के मामलों में यहां रिकॉर्ड ही टूट गया जबकि हुए मध्य प्रदेश में मजाल जो कोई आंख उठाकर भी देख ले। गहलोत सरकार ने प्रदेश को दंगो की आग में झोंक दिया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राजस्थान और मध्यप्रदेश में किसानों से कर्जमाफी का वादा किया जिसके कारण राजस्थान में 19,422 किसानों की जमीनें नीलाम हो गई। वहीं बेरोजगार युवाओं से बेरोजगारी भत्ते के नाम पर मजाक किया गया और राजस्थान में फसलों को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा गया जिसके कारण किसानों को अपना बाजरा मिट्टी के भाव बेचना पड़ा। बहन–बेटियों के सम्मान के साथ राजस्थान में खिलवाड़ हुआ है, और कांग्रेस सरकार के मंत्री शर्मनाक बयान देते हैं कि ये मर्दों का प्रदेश है।

तुष्टिकरण तो राजस्थान की कांग्रेस सरकार का मूल मंत्र रहा है। इन लोगों ने हिंदू त्योहारों पर शोभायात्राओं पर प्रतिबंध लगाया और धारा 144 तक लगा दी। उदयपुर में कन्हैया लाल की गर्दन काट दी जाती है। इसका कारण कांग्रेस सरकार का आतंकवादियों का साथ देना और तुष्टिकरण की नीति पर चलना। कांग्रेस के इस कुशासन से राजस्थान की जनता परेशान और त्रस्त है, इसलिए राजस्थान ने मन बना लिया है कि भाजपा को भारी बहुमत से विजय बनाएंगे और डबल इंजन की सरकार को चुनेंगे।

# बिरसा मुण्डा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया

### आदिवासियों के विकास पर चर्चा

**परिष्कार पत्रिका।** लाडनूं। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयन्ती पर जैन विश्वभारती यूनिवर्सिटी के शिक्षा विभाग में 26 नवंबर तक मनाए जा रहे 'जनजातीय गौरव दिवस' पर शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल जैन ने आदिवासियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया और बताया कि देश में दलित, पिछड़ी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के विकास एवं उनको समृद्ध बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए लघु व कुटीर उद्योगों का प्रोतसाहन करके ही आर्थिक विकास किया जा सकता है। इन लोगों के लिए शिक्षा की आसानी से उपलब्धता, कृषि–नवाचारों के लिए प्रेरित करना, फसल प्रबंधन आदि की जागरूकता ही उनके विकास में सहायक हो सकती है। कार्यक्रम में को बी.एड. तीसरे सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान बल्खी एवं बी.एसी–बी.एड. की छात्रा दिव्या पारीक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर प्रमोद ओला ने बताया कि



बिरसामुण्डा आदिवासी स्वतंत्रतासेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिशराज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और 'धरती आबा' के नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आम चुनाव 2023 को लेकर जिले में धारा 144 प्रभावी

**परिष्कार पत्रिका।** श्रीगंगानगर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशदीप ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिये चुनाव शान्तिपूर्णक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने व जिले के सभी क्षेत्रों व सभी वर्गो के मतदाता बिना किसी आंतक व भय के अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इस हेतु असामाजिक, अवांछित एवं बाधक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना नितान्त आवश्यक है, को ध्यान में रखते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला श्रीगंगानगर में जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर निषेधाज्ञा लागू की गई है।

### बाहर का व्यक्ति भी शस्त्र लेकर जिले में प्रवेश नहीं करेगा :

आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति अपने पास विस्फोटक पदार्थ, रासायनिक पदार्थ, आग्नेय शस्त्र जैसे रिवाल्वर, पिस्तौल, राईफल, बन्दूक एवं एम.एल.गन, 12 बोर आदि एवं अन्य तेजधार हथियार जैसे गंडासा, फरसा, तलवार, भाला, कृपाण, चाकू, छुरी, बरछी, गुप्ती, खाखरी, बल्लभ, कटार, धारिया, बघनख (शेरपंजा) जो किसी धातु से शस्त्र के रूप में बना हो आदि एवं मोटे घातक हथियार लाठी आदि सार्वजनिक स्थलों पर न घूमेगा और न ही प्रदर्शन करेगा। परन्तु वे व्यक्ति जो निशक्त अथवा अतिवृद्ध है जो लाठी के सहारे के बिना नहीं चल सकते, वे लाठी का प्रयोग सहारा लेने हेतु कर सकेंगे एवं सिख समुदाय के व्यक्तियों को उनकी धार्मिक परम्परा के अनुसार नियमांतर्गत निर्धारित कृपाण रखने की छूट रहेगी। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बलों, मतदान दलों में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। श्रीगंगानगर जिले से बाहर का कोई व्यक्ति श्रीगंगानगर जिले की सीमा में वर्णित हथियारों को साथ नहीं लायेगा और न ही प्रयोग व प्रदर्शन करेगा।

### साम्प्रदायिक सद्भावना को ठेस पहुंचोन वाले नारे नहीं लगायेगा :

कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सद्भावना को ठेस पहुंचाने वाले नारे नहीं लगायेगा, न ही इस प्रकार का भाषण, उद्बोधन देगा, न ही ऐसे पैम्फलेट, पोस्टर चुनाव सामग्री छपवायेगा या वितरण करेगा या वितरित करवायेगा, न ही ऐसे ऑडियों, विडियों कैसेट के माध्यम से किसी प्रकार का प्रचार–प्रसार करेगा अथवा करायेगा।

कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर मदिरा का सेवन नहीं करेगा, न ही अन्य व्यक्ति किसी को सेवन करवायेगा तथा अधिकृत विक्रेताओं को छोड़कर कोई भी व्यक्ति निजी उपयोग के कारण छोड़कर किसी अन्य उपयोग हेतु सार्वजनिक स्थलों में से मदिरा लेकर आवागमन नहीं करेगा। सूखा दिवस पर मदिरा विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### अनुमति के बिना जुलूस व सभा नहीं कर सकेंगे :

कोई भी व्यक्ति संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट की लिखित पूर्व अनुमति के बिना जुलूस, सभा एवं सार्वजनिक मीटिंग का आयोजन नहीं कर सकेगा, परन्तु यह प्रतिबंध विवाह समारोह, शवयात्रा पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना लाउडस्पीकर, एम्पलीफायर, रेडियो, टेप अथवा अन्य ध्वनि प्रसारक यंत्रों का उपयोग नहीं कर सकेगा। चुनाव के दौरान कोई व्यक्ति प्रचार प्रसार वाहनों को बाधित नहीं करेगा। लिखित अनुमति के बिना ध्वनि प्रसारण यंत्र लगे वाहनों का उपयोग नहीं करेंगे, धार्मिक स्थलों, चिकित्सा स्थलों पर निर्वाचन प्रचार मंच के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा।

### मतदान केन्द्र के आसपास प्रचार सामग्री नहीं लगेगी :

मतदान दिवस के दिन कोई भी व्यक्ति मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में अपने सुरक्षा कर्मी के साथ प्रवेश नहीं करेगा। सुरक्षा कर्मी के साथ निर्वाचन क्षेत्र में भ्रमण नहीं करेगा। मतदान केन्द्र एवं मतगणना दिवस पर मतगणना केन्द्र से 200 मीटर की परिधि में किसी तरह के मोबाइल फोन, सेल फोन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। चुनाव कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा।

मतदान के दिन मतदाताओं को वाहनों से मतदान केन्द्र तक लाने व ले जाने पर पूर्णतः रोक रहेगी। सोशल मीडिया पर धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष या दुष्प्रचार नहीं करेगा कोई भी व्यक्ति या संस्था इंटरनेट तथा सोशल मीडिया फेसबुक, टिवटर, व्हाट्सएप, यू–टुयूब आदि के माध्यम से किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष या दुष्प्रचार संबंधी संदेश प्रसारित नहीं करेगा। चुनाव के दौरान जारी निषेधाज्ञा की अवहेलना करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत दण्डित किया जायेगा।

चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्रों के लिए डाक मतपत्रों से मतदान

# सभी जिलों में फेसिलिटेशन सेंटरर्स पर मतदान कार्मिकों द्वारा अबतक 183467 मत डाले गए

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव–2023 की ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि द्वारा सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक 183467 मत डाले गए हैं। आज 45872 मतदान कार्मिकों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं अन्य जिलों में चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान करने हेतु फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किये गए हैं। इन केंद्रों पर 24 नवंबर तक विभिन्न दिवसों पर मतदान किया जा सकेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि उक्त सुविधा केन्द्रों के अतिरिक्त प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी स्वयं के कार्यालय में एक सुविधा केन्द्र 22 से 24 नवंबर तक स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

# आर्यसमाज मानसरोवर का दीपावली मिलन एवं पारिवारिक सत्संग सम्पन्न



**पंच महायज्ञों को जीवन में उतारें : डॉ कृष्णपाल सिंह**

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मानसरोवर रजत पथ पर आर्य समाज मानसरोवर का दीपावली मिलन एवं पारिवारिक सत्संग का आयोजन हुआ। आर्य समाज के प्रधान सुनील अरोड़ा ने बताया कि इस अवसर पर सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद पघ्देशाध्यक्ष ओमाश्रय सेवा धाम संचालक यशपाल यश डा. कृष्ण पाल सिंह वैदिक विद्वान डा. गोवर्धन लाल गर्ग व सुमित्रा आर्य के प्रवचन हुए। यशपाल यश ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्व त्यौहार प्रकृति से परमात्मा की ओर बढ़ने का संदेश देते हैं। यश ने परमात्मा पघप्ति हेतु मुख्य साधन योग और विशेष भक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि आत्मा और अन्त करण से प्रभु आज्ञा पालना करते हुए प्राप्त सकल साधन और सामर्थय मानव कल्याण में समर्पित करना ही विशेष भक्ति है। डॉ कृष्ण पाल सिंह ने पंच महायज्ञों को जीवन में उतारने का संदेश दिया। डॉ गोवर्धन लाल गर्ग ने पारिवारिक सामंजस्य और संस्कार निर्माण पर वैदिक विवेचना की। इस अवसर यज्ञ के मुख्य यजमान मुकेश गुप्ता एवं निष्ठा रहे। जिन्हें उपस्थित विद्वानों ने ओमाश्रय सेवा धाम का प्रभु सेवा सम्मान से सम्मानित किया। यज्ञ के बाद सुशीला देवी व निष्ठा ने भजन प्रस्तुत किए। अन्त में शांति पाठ एवं प्रीतिभोज के साथ कार्य कम सम्पन्न हुआ।

# इंटरनेशनल लिविंग डोनर लीवर ट्रांसप्लांटेशन संगोष्ठी का आयोजन

**लीवर प्रत्यारोपण के क्षेत्र में शोध और अनुसंधान को बढ़ावा मिले: राज्यपाल**

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने लीवर से जुड़े रोगों की समयबद्ध चिकित्सा के साथ ही लीवर प्रत्यारोपण के विशिष्ट ज्ञान क्षेत्र में शोध और अनुसंधान के जरिए भारत को अग्रणी किए जाने का आह्वान किया है। मिश्र एक निजी होटल में लीवर ट्रांसप्लांट सोसायटी ऑफ इंडिया के वार्षिक सम्मेलन पर आयोजित इंटरनेशनल लिविंग डोनर लीवर ट्रांसप्लांटेशन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश में लिवर कैंसर और लिवर सिरोसिस के बढ़ते मरीजों की संख्या को चिंताजनक बताते हुए लीवर प्रत्यारोपण की दिशा में भी चिकित्सकों को सार्थक प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लीवर से जुड़े बढ़ते रोगों को देखते हुए सभी स्तरों पर उत्कृष्ट ईलाज की समुचित व्यवस्थाएं सभी स्तरों पर सुनिश्चित होनी चाहिए। राज्यपाल ने लीवर खराब होने के कारणों के संबंध में भी जन जागरूकता किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष हमारे यहां लीवर की बीमारी से 3 लाख के करीब मौतें होती है। टीबी के बाद सबसे ज्यादा मौतें इस कारण से ही होती है। उन्होंने लीवर प्रत्यारोपण के संबंध में जन–जागरूकता का प्रसार करने और लीवर दान के लिए वातावरण बनाए की भी आवश्यकता जताई। मिश्र ने कहा कि चिकित्सक इस बात को सदा अपने ह्रदय में रखें कि उनका पहला कर्तव्य मानव मात्र का कल्याण है। उन्होंने वर्ल्ड सम्मेलन ऑफ आई. एल.डी.एल.टी. ग्रुप के आयोजन को महती बताते हुए कहा कि इससे लीवर प्रत्यारोपण की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होने इससे पहले संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। इस अवसर पर डॉ. सुभाष गुप्ता ने लीवर ट्रांसप्लांट से जुड़े आयोजन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा की भारत में पहली बार यह सम्मेलन हुआ है। इस मौके पर डॉ. सोनल अस्थाना, हिरोटो इगावा, डॉ. मोहम्मद रेला और, डॉ. मुकेश कुमार ने लीवर से जुड़े रोगों और देश में इसके लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

जन्म दिन के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
परिष्का किरार
24 नवम्बर 2010
मो. 9351311820
-: शुभैच्छुक :-
तनिष्क, तनिष्का, अंशुल, ज्योतिका, माधवी, हंसिका, दक्ष, विशाल, युगांश, हितांषी और आंचल, दर्पण




किरार परिवार एवं समस्त मित्र

मतदाता जागरूकता के लिए सजाई रंगोली

# हरित शिशु मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित मेरा अधिकार संस्था की ओर से श्री हारित शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय धाभाईजी का खुर्रा रामगंजबाजार जयपुर के विद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुनील जैन के नेतृत्व में चुनाव के लिए मतदाताओं को जागृत करने में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यालय प्रधानाचार्य मंजू शर्मा ने सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया तथा मतदान अवश्य करने की शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर मंत्री भागचंद कांजला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद बंदावला उपाध्यक्ष गिरधारी लाल बंदावला कोषाध्यक्ष रामजी लाल पंचोली लिपिक नरेंद्र कुमार ठोलीया सोनू बसेटिया समस्त स्टाफ आदि लोग मौजूद रहे।



# सेंट एंसलम्स पिंकसिटी विद्यालय में बाल मेले का आयोजन

पढाई के साथ साथ कमाई करना भी सीखो : फादर थॉमस मनीपरम्बिल

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सेंट एंसलम्स पिंक सिटी स्कूल मालवीय नगर में बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेंले में विद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने जमकर आनंद लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर थॉमस मनीपरम्बिल ने बालमेले का शुभारंभ किया। उन्होंने पत्रिका को बताया कि सीखते हुए अर्न कैसे करें इस बाल मेले की थीम थी। पढ़ाई के साथ कमाई भी हो इस बाल मेले में स्टॉल के माध्यम से बताया। इस बाल में विभिन्न तरह की 27 स्टॉल लगाई गई। जिसमें विभिन्न तरह के व्यंजन और बच्चों की पसंदीदा चीजों को रखा गया था। मेंले में बच्चों की मस्ती के पूरे इंतजाम किए गए। कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने डीजे के गीतों पर जमकर थिरकते हुए मेले के आनंद उठाए। विद्यार्थियों के साथ–साथ अध्यापकों ने नृत्य का आनदं लिया। इस अवसर पर फादर ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।










## बाल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** विश्व बाल दिवस पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्गो संस्कृति संस्था की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगरी परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य महेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने चॉकलेट दौड़, म्यूजिकल चेयर, एक टांग दौड़, जूते उवरंल दौड़ आदि में बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य महेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। इन्हें सही दिशा देना हर शिक्षक व अभिभावक का प्रथम कर्तव्य है।बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का परिचय दिया।

अध्यक्ष रूपाली राव सचिव रवि कश्यप की ओर से विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सूचना मंत्री सुनील जैन ने विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए कहां की विद्यालय द्वारा कई मेहनत में इन बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ खेलों में काफी निपुणता के साथ तैयार किया है।

## श्रीकरणपुर विद्यायक गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** श्रीकरनपुर क्षेत्र के नेकदिल ईमानदार राजनीतिक और सामाजिक हस्ती सरदार गुरमीत सिंह कुनर का निधन। दिल्ली एआईआई एमएस अस्पताल में आज ली अंतिम सांस। विधायक गुरमीत कुन्नर के बेटे रूपेंद्र कुन्नर ने पुष्टि की। विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर राहुल गांधी, अशोक गहलोत सहित कई मंत्री और दिग्गज नेताओं ने पहुंचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

सामाजिक हस्ती सरदार गुरमीत सिंह कुनर के निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए



दिवंगत आत्मा को श्रृद्धांजली देते हुए उनके पुत्र और परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

जयपुर विकास प्राधिकारण जयपुर

# 4 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारम्भिक स्तर पर पूर्णतः ध्वस्तीकरण

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निजी खातेदारी करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण किया गया एवं निजी खातेदारी करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण किया गया। उप नियंत्रक–प्रवर्तन ने बताया कि जोन–14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टोंक रोड़ ग्राम कीलकीपुरा जिला जयपुर में करीब 1.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमा. दन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात बनाई गई मिट्टी–ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन–14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा–वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उप नियंत्रक–प्रवर्तन ने बताया कि जोन–14के क्षेत्राधिकार में अवस्थित अनुमोदित योजना न्याय वाटिका 160 फीट सेक्टर रोड़ के पास जिला जयपुर में करीब 0.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात बनाई गई मिट्टी–ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन–14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा–वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि जोन–14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मोहनपुरा रोड़ जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात बनाई गई मिट्टी – ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन–14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेस. ीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा–वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन–14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मो. हनपुरा रोड़ जिला जयपुर में चौथी करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमा. दन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''विनायक रेजिडेन्सी'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात बनाई गई मिट्टी–ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन–14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा–वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन–14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश, खबर भेजें या मेल करें -**

**संपादक, परिष्कार पत्रिका,**
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06 मो. 9314407796, 9351311820
Gmail : parishkarpatrika@gmail.com

भगवान राम का वंशज खाचरियावास ने किया विकास के बेहतरीन काम : मुख्यमंत्री

# आम जनता के लिए 24 घंटे दरवाजे खुले है : गहलोत





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कैबिनेट मंत्री एवं सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापसिंह खाचरियावास के समर्थन में चंबल पावर हाउस हवा सड़क पर विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खाचरियावास के बारे में जयपुर में कहा जाता है जिसका कोई न पूछे हाल, उसके संग खाचरियावास उन्होंने कहा कि हमने विकास और जन कल्याण के मामले में कोई कमी नहीं रखी हमारे विकास का मॉडल देखना है तो सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र को आकर देखलो यहां पर 5.30 किलोमीटर में हाई टेंशन लाइन हट रही है और 112 करोड रुपए के वर्क ऑर्डर हाई टेंशन लाइन हटने के हो चुके हैं, जिससे सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र की सभी हाई टेंशन लाइने हटा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतापसिंह खाचरियावास का दरवाजा 24 घंटे आम जनता के लिए खुला रहता है, इनका फोन 24 घंटे चालू रहता है यह वह व्यक्ति है जो खुलकर जनता के मुद्दे उठाता है हमारी पार्टी के साथ हमारी कैबिनेट में भगवान राम का वंशज मंत्री के रूप में काम कर रहा है, इससे अंदाज लगाया जा सकता है असली धरतीपुत्र राम के वंशज हमारे लिए जनकल्याण का काम करने में लगे हुए हैं। हम टकराव और दंगे की राजनीति नहीं करते हमारा एक ही मकसद है हर भूखे को रोटी मिले, नौजवान को रोजगार मिले, किसान और मजदूर को सम्मान मिले, मां बहन बेटी के चेहरे पर मुस्कान रहे। जब राजस्थान का हर चेहरा मुस्कुराएगा तो राजस्थान आगे बढ़ेगा। गहलोत ने बड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हजारों की तादाद मे बड़े जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर से जब प्रताप सिंह खाचरियावास जितता है तो देश के करोड़ों लोग जयपुर की जनता को दुआ देते हैं। जो जनता की आवाज बनकर जनता के सम्मान को बढ़ाएं ऐसे प्रताप सिंह खाचरियावास को जिताकर जयपुर और राजस्थान को मजबूत करें।

## मतदाताओं को दीपदान कर दिया मतदान का संदेश

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर जिले में विधानसभा आम चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित किये जा रहे सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में आयोजित किये जा रहे सतरंगी सप्ताह के सातवें एवं अंतिम दिन स्टेच्यू सर्किल पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लालच पर होगी चोट, सोच समझकर करेंगे वोट थीम पर आयोजित कार्यक्रम में जिला स्वीप आईकॉन अक्षय भटनागर सहित सैकड़ों आमजन ने भाग लिया। इस दौरान जिला स्वीप टीम द्वारा तैयार किया गया रोशनी से जगमग वोट वृक्ष हर किसी के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। प्रतिभागी वोट वृक्ष के साथ सेल्फी लेते नजर आए। वहीं, कार्यक्रम के बाद जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने सतरंगी सप्ताह के सफल आयोजन पर प्रतिभागियों के साथ केक काटा। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (स्वीप), विद्याधर नगर जयशिवदत्त कटारा ने मौके पर मौजूद सैकड़ों प्रतिभागियों को मतदान की शपथ दिलवाई।

## 56वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की जा रही है : डॉ सुनीता



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** एलबीएस पीजी कॉलेज जयपुर के प्रतिष्ठित सह शिक्षण संस्थान है जो विगत 56 वर्षो से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला, वाणिज्य, कम्प्यूटर विज्ञान एवं बी लिब आदि संकायों में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था है। डॉ सुनीता अग्रवाल विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र विभाग एलबीएस महाविद्यालय ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि वे सांस्कृतिक गतिविधियां एवं महिला सुरक्षा व सलाह समिति का कार्यभार देखते हुए अध्यापन का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छात्र–छात्राएं शिक्षा का लाभ उठा रहे हैं। महाविद्यालय में सह–शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेल आदि गतिविधियां भी सत्र के दौरान आयेजित की जाती है। साथ ही मेघावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया जाता है।

## ए एस मेमोरियल के मेघावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** दी रेलवे एम्पलाईज को–ऑपरेटिव बैं लि. की जयपुर शाखा ने ए एस मेमोरियल विद्यालय के दो मेघावी छात्र–छात्रा को सहकार सप्ताह समारोह प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की हौंसला अफजाई करते हुए सभी को प्रेरणा लेने को कहा।

ईटीएस इंडिया और एलन ग्लोबल ने भविष्य के वैश्विक लीडर्स को विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

# छात्रों के लिए 5 लाख रूपये की छात्रवृत्ति की घोषणा की

**जीआरई और टीओईएफएल, छात्रवृति, शिक्षण सहायता और सुव्यवस्थित परीक्षण यात्राओं पर विशेष छूट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए रणनीतिक सहयोग**

**परिष्कार पत्रिका।** नई दिल्ली, ईटीएस की सहायक कंपनी और दुनिया का सबसे बड़ा शैक्षिक मूल्यांकन, अनुसंधान और एसेसमेंट कंपनी ईटीएस इंडिया, टीओईएफएल, जीआरई और एलन ग्लोबल स्टडीज डिवीजन जैसे मूल्यांकन के मालिक, जो एक प्रमुख शिक्षा इकाई है ने टीओईएफएल और जीआरई जैसे परीक्षणों में उनकी दक्षता कौशल को और बढ़ाकर एलन ग्लोबल में छात्रों को मजबूत बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग छात्रवृति, पंजीकरण अते और एडवांस रिसर्च तैयारी सीखने के समर्थन जैसी कई पहल शुरू करने के लिए तैयार है।

ईटीएस इंडिया और एलन ग्लोबल मिलकर मेधावी छात्रों को डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ 5,00,000 रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे। इसके अति. रिक्त, जीआरई और टीओईएफएल दोनों के लिए एक साथ पंजीकरण कराने वाले छात्रों को विशेष छूट दी जाएगी। संयुक्त उद्यम प्रमुख एलन वैश्विक स्थानों पर एक सह–ब्रांडेड वॉल ऑफ फेम की सुविधा देगा और एलन विद्वानों को जीआरई और टीओईएफएल परीक्षण शुल्क पर विशेष छूट प्रदान करेगा, साथ ही दोनों परीक्षणों के लिए एक साथ नामांकन करने वालों के लिए अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा।

इस अवसर पर ईटीएस इंडिया और दक्षिण एशिया के कंट्री मैनेजर, सचिन जैन ने कहा, हमें एलन ग्लोबल स्टडीज डिवीजन के साथ अपने रणनीतिक गठबंधन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हमारे ठोस प्रयास कल के लीडर्स के लिए रास्ते तय करेंगे। हमारे मजबूत परीक्षण प्लेटफार्मों के माध्यम से उनकी शैक्षणिक महत्वाकांक्षाओं और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों को सुविधाजनक बनाएंगे। हम टीओईएफएल और जीआरई परीक्षाओं की सहायता से विदेश में अध्ययन करने के इच्छुक भारतीय छात्रों के सपनों को पूरा करने के लिए अपनी सामूहिक विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, एलन के शानदार नेटवर्क के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। परीक्षण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए एलन ग्लोबल ईटीएस



इंडिया पंजीकरण पोर्टल तक पहुंच प्राप्त करेगा, जिससे जीआरई और टीओईएफएल परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए एक आसान यात्रा की सुविधा मिलेगी।

सहयोग में एलन ग्लोबल के शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण, छात्रों के लिए विशेष टीओईएफएल और जीआरई मास्टरक्लास, कंप्लीमेंट्री टीओईएफएल अभ्यास परीक्षा और विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ विशेष वेबिनार जुड़ाव भी शामिल हैं।

एलन ग्लोबल के प्रबंध निदेशक अमन माहेश्वरी ने कहा, ष्हम ईटीएस इंडिया के साथ अपने सहयोग की शुरुआत की घोषणा करते हुए वास्तव में उत्साहित हैं। यह रोमांचक उद्यम एक साझा यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, और हम उन अवसरों और उपलब्धियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं जो एक साथ काम करने पर सामने आएंगी।

छात्रों को विदेश में अपने अध्ययन और टीओईएफएल या जीआरई तैयारी के सपनों को साकार करने में सहायता करने में ईटीएस की गहन विशेषज्ञता का लाभ उठाने की संभावना हमें बड़ी आशा से भर देती है। यह संस्थागत साझेदारी सिर्फ एक सहयोग से कहीं अधिक का प्रतीक है, यह एक आदर्श बदलाव की शुरुआत करती हैं, जो दुनिया के अग्रणी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए छात्रों द्वारा अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण और सकारात्मक बदलाव का वादा करती है। साथ मिलकर हम वैश्विक शैक्षणिक लक्ष्य के लिए शैक्षिक तैयारी के संपूर्ण परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने और उन्नत करने की आकांक्षा रखते हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार